# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. विधानसभा में विधायकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आज दूसरा दिन, संसदीय कार्यमंत्री ने पहले दिन कई विधायकों की अनुपस्थिति पर जताई चिंता, कहा –संसदीय व्यवस्था से होकर जाता है विकास का मार्ग ।
2. मंत्री इरफान अंसारी ने सीएजी की रिपोर्ट को बताया बेबुनियाद, कहा – जांच में पता चलेगी सच्चाई, बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप।
3. डीजीपी ने सभी जोन के आईजी और डीआईजी को लिखा पत्र, दागी पुलिस कर्मियों की मांगी रिपोर्ट ।
4. देश भर में रमजान का पवित्र महीना शुरू, आज पहला रोजा।
5. और मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिन आसमान रहेगा साफ, राज्य के सभी जिलों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार।

*******************

रांची में झारखंड विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आज दूसरा दिन है । पहले दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो , राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश , भाजपा विधायक सीपी सिंह ने अपने संबोधन में संसदीय विशेषाधिकार और नियमों के पालन पर जोर दिया। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने इस दौरान कई विधायकों के अनुपस्थित रहने पर चिंता जताई उन्होंने कहा कि विकास का मार्ग संसदीय व्यवस्था से होकर जाता है।

*******************

विधानसभा में पेश हुई कैग की रिपोर्ट पर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है । इधर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया है । दुमका में प्रेस वार्ता में कहा कि रिपोर्ट की सच्चाई जांच के बाद ही पता चलेगी। उन्होंने बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर भी पलटवार किया।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, पोषण अभियान, ईट राइट इंडिया और खेलो इंडिया सहित कई पहल शुरू की है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वस्थ जन–जीवन सुनिश्चित करना है।

*******************

भारतीय जन औषधि केंद्र को लेकर जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। पहले दिन कोडरमा के सदर अस्पताल से कल एक पदयात्रा निकाली गई, जिसमें लोगों को जन औषधि परियोजना के प्रति जागरूक किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि जेनेरिक दवाइयों का यह केंद्र गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जो लोग अब तक दवाइयों के ऊपर अपनी आमदनी का बड़ा हिस्सा खर्च किया करते थे, अब उन्हें पैसे की बचत हो रही है।

*******************

गिरिडीह जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा 4 मार्च को 52 वां स्थापना दिवस मनाएगा। राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन समेत पार्टी के कई बड़े नेता इस में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस सभा में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया जायेगा।

********************

गिरिडीह जिले के पीरटांड़ प्रखंड में पारसनाथ पर्वत पर स्थित आदिवासियों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल मरांग बूरू के पास बाहा पर्व को लेकर तैयारी की जा रही है। 4 मार्च तक चलने वाले आदिवासियों के सबसे बड़े पर्व में कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के यहां पहुंच कर मरांग बूरू की पूजा करने की संभावना है।

********************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जोन के आईजी और डीआईजी को पत्र लिखकर भ्रष्ट और अनुशासनहीन पुलिस कर्मियों की रिपोर्ट मांगी है। सात बिंदुओं पर एक सप्ताह में रिपोर्ट देनी है जिसकी डीजीपी समीक्षा करेंगे।

********************

जामताड़ा में साइबर अपराधों पर विराम लगाने को लेकर दुमका रोड पर्वत विहार के समीप 5 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक साइबर थाना बनेगा। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसकी आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि जामताड़ा के विकास पर राज्य सरकार का फोकस है।

********************

रांची के बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हत्या के आरोपी के फरार होने के मामले में जेल आईजी ने कार्रवाई की है। जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में जेल के छह कक्षपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

********************

मेदिनीनगर नगर निगम समेत सभी नगर निकायों में आरओ वाटर प्लांट लगाने के लिए अब लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

********************

रमज़ान का पवित्र महीना आज से शुरू गया। आज पहला रोज़ा है। लोग रमज़ान महीने में तरावीह की विशेष नमाज अदा करेंगे। रमजान महीने के अंत में ईद–उल–फ़ितर मनाया जाता है। खाड़ी देशों में रमज़ान का महीना कल से शुरू हो गया।

********************

और अब संक्षिप्त खबरें

- पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला जंगल में एक जंगली हाथी की मौत हो गई.। पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना ने बताया कि 2 दिन पूर्व हाथियों के बीच जंगल में संघर्ष हुआ था। इस दौरान एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था।
- होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रांची गोरखपुर रांची होली स्पेशल ट्रेन 12 मार्च को चलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर से गोरखपुर रांची होली स्पेशल 14 जून को चलेगी, जो गोरखपुर से सुबह 11 बजे खुलेगी।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य भर में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में वृद्धि होगी। राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आनेवाले चार पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना है। राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया । कल सबसे अधिक तापमान बहरोगाड़ा में 38 दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद ढाई बजे शुरू होगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

डीजीपी ने झारखंड के दागी पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी, इस खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– अब उदंड पुलिस अफसरों की तैयार होगी सूची, डीजीपी करेंगे समीक्षा

प्रभात खबर की सुर्खी है– केन्द्र से कोयला खदानों पर बकाया लेने के लिए झारखंड ने बढ़ाये कदम।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची जेल से कैदी के भागने पर छह कक्षपाल निलंबित ।

दैनिक भास्कर लिखता है– चांद नजर आया, तरावीह शुरू, पहला रोजा आज से।

*******समाप्त********